विश्व में प्रसिद्ध हनुमान चालीसा... पृष्ठ 2 | ईडी ने की दुर्ग क्षेत्र के बालोद... पृष्ठ 3


# नांदगांव टाइम्स

शुक्रवार, 12 सितंबर 2025, राजनांदगांव | आरएनआई 30910/76 | वर्ष 49, अंक 320, पृष्ठ 04, मूल्य 3 रुपए






नोट :- मकान, फ्लैट, दुकान, गोदाम किराये पर लेने एवं देने की विशेष व्यवस्था साथ ही जमीन प्लाट हेतु डायवर्सन के दस्तावेज व ऋण पुस्तिका बनवाने के कार्य की सुविधा।

।। जय श्री जलाराम ।।

श्री जलाराम प्रॉपर्टी डीलर

उचित दर पर मकान, फ्लैट, डुप्लेक्स, दुकान, ऑफिस, गोदाम, जमीन, प्लाट की खरीदी-बिक्री हेतु संपर्क करें।

ऑफिस- बागड़ी ब्रदर्स के बाजू में, रामाधीन मार्ग, राजनांदगांव।

मो: 98274-61508, 83192-88559


## बस्तर इन्वेस्टर कनेक्ट में 967 करोड़ से अधिक के निवेश प्रस्ताव : 2100 से अधिक लोगों मिलेगा रोजगार : सीएम

### नक्सल उन्मूलन से विश्वास निर्माण तक ङ्क बदलता हुआ बस्तर, समावेशी विकास की ओर तेजी से अग्रसर बस्तर



**रायपुर।** बस्तर आज विकास की स्वर्णिम सुबह का प्रतीक बनकर उभर रहा है। जो क्षेत्र कभी उपेक्षा और अभाव की पहचान से जूझता था, वह अब निवेश, अवसर और रोजगार का नया केंद्र बन रहा है। यहाँ हर क्षेत्र,उद्योग, शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि और पर्यटन में समावेशी विकास की गूंज सुनाई दे रही है। यह बदलाव न केवल बस्तर की तस्वीर बदल रहा है, बल्कि पूरे छत्तीसगढ़ के उज्ज्वल भविष्य की गाथा लिख रहा है। बस्तर के विकास को गति देने के लिए सरकार ने ?5,200 करोड़ की रेल परियोजनाओं को मंजूरी दी है। इनमें रावघाट-जगदलपुर नई रेल लाइन ( ?3,513.11 करोड़) और केके रेल लाइन के दोहरीकरण जैसे महत्वपूर्ण कार्य शामिल हैं। ये परियोजनाएँ न केवल बस्तर में यात्रा, पर्यटन और व्यापार को नई दिशा देंगी, बल्कि युवाओं के लिए बड़े पैमाने पर रोज़गार और औद्योगिक अवसर भी सृजित करेंगी। बेहतर रेल कनेक्टिविटी से नक्सलवाद उन्मूलन के प्रयास और मजबूत होंगे तथा बस्तर विश्वसनीय निवेश और समावेशी विकास का केंद्र बनकर उभरेगा इसके साथ ही, बस्तर में ?2300 करोड़ की सड़क विकास परियोजनाएँ भी स्वीकृत की गई हैं। कभी नक्सल प्रभावित क्षेत्र के रूप में जाना जाने वाला यह संभाग अब छत्तीसगढ़ के सबसे विकसित और समृद्ध क्षेत्रों में से एक बनने की राह पर है। राज्य और केंद्र सरकार मिलकर धमतरी-कांकेर-कोंडागांव- जगदलपुर मार्ग का एक वैकल्पिक रास्ता बना रही हैं, जो कांकेर, अंतागढ़, नारायणपुर के अबूझमाड़ होते हुए दंतेवाड़ा के बारसूर और आगे बीजापुर तक पहुँचेगा। इन परियोजनाओं से बस्तर के सभी जिलों तक पहुँचने के लिए कई रास्ते उपलब्ध होंगे, जिससे दूरियाँ कम होंगी और योजनाओं व विकास कार्यों की पहुँच और अधिक प्रभावी होगी। यह आधुनिक सड़क नेटवर्क न केवल आवागमन की सुविधा बढ़ा रहा है, बल्कि सुरक्षा, शिक्षा, स्वास्थ्य और आर्थिक प्रगति के नए द्वार भी खोल रहा है। इस प्रकार, बस्तर अब संघर्ष की भूमि से आगे बढ़कर संपर्क, समृद्धि और सुरक्षा का प्रतीक बन रहा है। बस्तर में एनएमडीसी द्वारा ?43,000 करोड़ तथा सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल हेतु ?200 करोड़ का निवेश किया जा रहा है। ये निवेश बस्तर की आधारभूत संरचना को मजबूती प्रदान कर रहे हैं। बड़े सार्वजनिक निवेशों के साथ-साथ लगभग ?1,000 करोड़ का निजी निवेश भी सेवा क्षेत्र और एमएसएमई में किया जा रहा है। यह विविधीकृत विकास रोजगार के अवसरों को बढ़ाएगा और समावेशी व सतत विकास को सुनिश्चित करेगा। कुल मिलाकर लगभग ?52,000 करोड़ की प्रतिबद्धताओं के साथ बस्तर औद्योगिक और सामाजिक-आर्थिक परिवर्तन का नया केंद्र बन रहा है। जगदलपुर में पहली बार 350 बेड का मल्टी-स्पेशियलिटी निजी अस्पताल और मेडिकल कॉलेज स्थापित होने जा रहा है। इसके लिए



रायपुर स्टोन क्लिनिक प्रा. लि. को च्इनविटेशन टू इन्वेस्टज्ज् पत्र जारी किया गया है। 550 करोड़ रुपये के निवेश और 200 रोजगार अवसरों के साथ यह परियोजना बस्तर की स्वास्थ्य सेवाओं को नई ऊँचाई देगी और इसे मेडिकल शिक्षा का केंद्र बनाएगी। इसके अतिरिक्त, जगदलपुर में 33 करोड़ रुपये के निवेश से एक और मल्टी-स्पेशियलिटी अस्पताल तथा नवभारत इंस्टिट्यूट ऑफमेडिकल साइंसेज द्वारा 85 करोड़ रुपये के निवेश से 200 बेड का मल्टी-सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल स्थापित किया जाएगा। ये पहल न केवल आधुनिक स्वास्थ्य सेवाओं का विस्तार करेंगी, बल्कि सैकड़ों युवाओं को रोजगार भी प्रदान करेंगी। बीजापुर, नारायणपुर, बस्तर और कोंडागांव में आधुनिक राइस मिल और फूड प्रोसेसिंग इकाइयाँ स्थापित की जा रही हैं, जिससे किसानों को बेहतर मूल्य मिलेगा और स्थानीय युवाओं के लिए अनेक रोजगार अवसर सृजित होंगे। नारायणपुर जिले में पार्श्वा एग्रीटेक प्रतिवर्ष 2,400 टन परबॉयल्ड चावल का उत्पादन करेगी। 8 करोड़ रुपये के निवेश और नए रोजगार के साथ यह परियोजना बस्तर की कृषि उपज को वैल्यू एडिशन का नया आधार देगी। जगदलपुर में नमन् क्लब एंड वेलनेस सेंटर 7.65 करोड़ रुपये के निवेश और 30 रोजगार अवसरों के साथ स्थापित हो रहा है।

वहीं पर्यटन और हॉस्पिटैलिटी क्षेत्र में एएस बिल्डर्स एंड ट्रेडर्स तथा सेलिब्रेशन रिजॉर्ट्स एंड होटल्स बस्तर की प्राकृतिक सुंदरता और सांस्कृतिक धरोहर को वैश्विक मंच पर प्रदर्शित करेंगे। बस्तर डेयरी फार्म प्रा. लि. 5.62 करोड़ रुपये का निवेश कर दुग्ध उत्पादन और प्रसंस्करण को गति देगा।

## विधानसभा अध्यक्ष ने बजरंगपुर-नवागांव प्रकरण में पीड़ित परिवारों से मुलाकात की और उन्हें सांत्वना दी

### नवागांव से चिखली तक के क्षेत्र में एक पुलिस चौकी की होगी स्थापना



**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने आज नगर पालिक निगम राजनांदगांव के बजरंगपुर-नवागांव प्रकरण में पीड़ित परिवारों से बजरंगपुर-नवागांव वार्ड में पहुंचकर मुलाकात की और उन्हें सांत्वना दी। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने कहा कि राजनांदगांव की शांति और सौहार्द्र के लिए प्रदेश में एक अलग पहचान है और इसे संस्कारधानी भी कहते है। विगत दिनों बजरंगपुर-नवागांव वार्ड में घटित हिंसा एवं हत्याकांड एक दुखद घटना है। नशे की गिरफ्त में आकर बिना किसी कारण के चाकूबाजी की घटना हुई और एक परिवार को बचाते हुए श्री राजेश ढीमर की मृत्यु हो गई। चाकूबाजी की अन्य दूसरी घटना में श्री सचिन दास मानिकपुरी एवं श्री किशन राजपूत की हत्या की गई। पुलिस की शुरूआती कार्रवाई में पहली रिपोर्ट दर्ज होने के बाद तोड़-फोड़ की घटना की सूचना मिलने पर कड़ी कार्रवाई की जाती तो यह घटना इस प्रकार का स्वरूप नहीं लेती। इस घटना के लिए थाना प्रभारी का दोष दिखाई देता है और उस पर कार्रवाई करते हुए निलंबित कर दिया गया है। विधानसभा अध्यक्ष ने इस घटना में शामिल होने वाले अन्य लोगों पर कार्रवाई करने के निर्देश दिए है, ताकि भविष्य में इस प्रकार की घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो। उन्होंने कहा कि नवागांव से चिखली तक के क्षेत्र में एक पुलिस चौकी खोला जाएगा। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने वहां तत्काल पुलिस चौकी की स्थापना की सहमति प्रदान की है। विधानसभा अध्यक्ष ने तात्कालिक मदद की दृष्टि से मृतक युवा श्री राजेश ढीमर, श्री सचिन दास मानिकपुरी एवं श्री किशन राजपूत के परिवारों को स्वच्छानुदान अंतर्गत एक-एक लाख रूपए की सहायता राशि प्रदान करने की घोषणा की। उन्होंने किशन राजपूत के परिवार के लिए अनुकम्पा नियुक्ति की घोषणा की। श्री राजेश ढीमर की पत्नी को जॉब प्लेसमेंट में नौकरी दिलाने के लिए निर्देशित किया। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने कहा कि शराब एवं नशे के खिलाफ जिले में सतत अभियान चलाने की आवश्यकता है। सुरक्षा के मद्देनजर इन क्षेत्रों में लगातार पुलिस पेट्रोलिंग के निर्देश दिए। उन्होंने इन क्षेत्रों में सीसीटीवी कैमरा लगाने के लिए निर्देशित किया। इस दौरान महापौर श्री मधुसूदन यादव, श्री कोमल सिंह राजपूत, पुलिस अधीक्षक श्री मोहित गर्ग तथा अन्य जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी उपस्थित थे।

## महाकाल के जयघोष के साथ 371 श्रद्धालु तीर्थ यात्री द्वारका पहुंचे

### बडनेरा, अकोला, अहमदाबाद व राजकोट सहित जगह-जगह स्वागत हुए



**महाकाल यात्रा द्वारका पहुंची**



**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** शिवजी के प्रति अगाध श्रद्धा, उत्साह एवं महाकाल के जयघोष के साथ राजनांदगांव रेलवे स्टेशन से 371 तीर्थ यात्री शाम द्वारका पहुंचे। महाकाल सेना के बैनर पर ये यात्री द्वारका से लेकर सोमनाथ के दर्शन कर 15 सितंबर को लौटेंगे। इन श्रद्धालुओं के लिए यात्रा, भोजन-पानी एवं ठहरने की व्यवस्था पूरी तरह से नि:शुल्क रहेगी। डागा परिवार की इस पहल की सबने सराहना की। विदित हो कि डागा परिवार एवं महाकाल सेना पिछले तीन वर्षों से नि:शुल्क महाकाल यात्रा निकालती है। अब तक हजारों लोग तीर्थ यात्रा कर चुके हैं। इस धार्मिक यात्रा का इंतजार श्रद्धालु हर वर्ष करते हैं। तीर्थयात्रा की मंगल कामना की दोपहर में स्टेशन में महाकाल का जयघोष होता रहा। श्रद्धालुओं का जत्था शालीमार- ओखा साप्ताहिक सुपर फास्ट एक्सप्रेस (ट्रेन क्रमांक 22906) से द्वारका के लिए प्रस्थान किया। ये यात्री 11 सितंबर को द्वारका धाम दर्शन के बाद द्वारिकाधीश मंदिर में पूजा अर्चना करेंगे। 12 सितंबर को नागेश्वर ज्योतिर्लिंग व आसपास के तीर्थ स्थलों के दर्शन फिर सोमनाथ ज्योतिर्लिंग का दर्शन करेंगे। आगामी 13 एवं 14 सितंबर को आसपास के तीर्थस्थलों के दर्शन के बाद 15 सितंबर को वापस लौटेंगे।

### अगले वर्षों में 12 ज्योतिर्लिंग व चारों धाम के दर्शन होंग्रे - पवन डागा

संस्कारधानी में नि:शुल्क महाकाल यात्रा अब धार्मिक परंपरा और सामूहिक उत्सव का रूप ले चुकी है। श्रवण कुमार बने पवन डागा एवं महाकाल सेना ने कहा कि अब तक अयोध्या, काशी, उज्जैन ओंकारेश्वर सीहोर जैसे धार्मिक व तीर्थ स्थलों की यात्रा हो चुकी है। श्री डागा ने बताया कि आने वाले वर्षों में द्वादश ज्योतिर्लिंगों के दर्शन के साथ-साथ चारों धाम कराने की भी योजना है। यात्रा को लेकर श्रद्धालुओं में जबर्दस्त उत्साह रहता है। नि:शुल्क यात्रा अभियान धीरे-धीरे भारत के श्रद्धालुओं को जोड़ने वाला आंदोलन बनता जा रहा है।

## विभिन्न समस्याओं को लेकर विधानसभा अध्यक्ष डा. रमन सिंह से किया मुलाकात




**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** माननीय पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह जी विधानसभा अध्यक्ष छत्तीसगढ़शासन रायपुर से भेट मुलाक़ात कर तोरणकट्टा में गांव विकास कार्य पूर्व में बने लिफ्ट इरीगेशन को पुन: सिंचाई के लिए चालू करने के लिए विभिन्न विषयों पर चर्चा किया गया तोरणट्टा रवेली मार्ग जर्जर सड़क को लेकर विधानसभा अध्यक्ष एवं क्षेत्र की विधायक डॉ. रमन सिंह एवं पूर्व सांसद महोदय अभिषेक सिंह से मुलाकात किया गया जिसमें ग्राम रवेळी से ठाकुर टोला मुख्यमंत्री सड़क योजना के तहत बने सड़क जर्जर हो चुके मार्ग को पुन: निर्माण हेतु आवेदन दिया साथ ही पूर्व में बने लिफ्ट एरिकेशन सिंचाई के लिए एवं जल संरक्षण के लिए वह विभिन्न विकास कार्यों पर चर्चा किया गया ग्राम तोरणकट्टा में विकास कार्यों की मांगों को लेकर प्रतिमा (पप्पू) चंद्राकर जनपद पंचायत अध्यक्ष एवं देवकुमारी साहू जिला पंचायत सदस्य सरपंच सैन उइके उप सरपंच रेखलाल साहू कामता यदु विजय चंद्राकर मुकेश साहू ने गांव की विभिन्न विकास कार्यों मांग के लिए मुलाकात किया।

## डॉ रमन सिंह पूरी संवेदनशीलता के साथ पीड़ितों के साथ खड़े नजर आए - कोमल सिंह राजपूत



**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** भारतीय जनता पार्टी जिला अध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत ने बजरंगपुर नवागांव में घटित घटना पर दुख व्यक्त करते हुए कहा कि इस तरह की नृशस हत्या कि वे कड़ी निंदा करते हैं और आज विधानसभा अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री डॉ रमन सिंह ने जिस तरह से नवागांव के पीड़ितों के साथ मानवता और संवेदनशीलता के साथ बातचीत की और कहा कि वह यहां के विधायक के नाते आपके सुख-दुख में मैं पूरी तरह से भागीदार हूं और किसी भी प्रकार की मदद के लिए मैं सदैव आपके साथ खड़ा हूं और आगे भी लगातार आपके साथ रहूंगा। पीड़ित परिवारों का डॉ रमन सिंह के प्रति विश्वास स्पष्ट दिखा, शराब और नशे के प्रति युवाओं में बढ़ते जुनून के प्रति लोगों में आक्रोश देखकर डॉ रमन सिंह ने तत्काल ही मुख्यमंत्री विष्णु देव सायं से स्वीकृति ली और एक माह के अंदर बजरंगपुर नवागांव में नई पुलिस चौकी की स्वीकृति भी दिलवाई। पीड़ित परिवारों को आर्थिक सहायता के अलावा अनुकंपा नियुक्ति एवं अन्य सहायता भी उपलब्ध कराई गई ,साथ ही उन्होंने पुलिस अधीक्षक को दोषी अधिकारियों के खिलाफ भी तत्काल कार्रवाई करने का निर्देश दिया और नशे तथा शराब के खिलाफ कड़ी कार्यवाही हेतु दिशा निर्देश दिया। श्री राजपूत ने कहा कि आज डॉ रमन सिंह एक पारिवारिक मुखिया की तरह पीड़ित परिवारों के साथ खड़े दिखे और उन्होंने परिवार जनों को आगे के लिए आश्वस्त भी किया। कोमल सिंह राजपूत ने बताया कि डॉ रमन सिंह ने मौके पर ही पुलिस अधीक्षक को क्षेत्र के सामाजिक सौहार्द्र एवं वातावरण को बनाए रखने के लिए असामाजिक तत्वों एवं अपराधिक प्रवृत्ति के लोगों पर कड़ी कार्रवाई करने का निर्देश भी दिया।

## सहकारिता मंत्रालय के विभिन्न पहल पर अच्छा कार्य करने के लिए प्रथम पुरस्कार प्रदान किया गया



**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** छत्तीसगढ़ क्षेत्रीय नाबार्ड कार्यालय की 44 व स्थापना दिवस पर सुरगी सोसाइटी को सहकारिता मंत्रालय के विभिन्न पहल पर अच्छा कार्य करने के लिए प्रथम पुरस्कार प्रदान किया गया है जिसके लिए योगेंद्र दास वैष्णव जिला किसान कांग्रेस राजनांदगांव महामंत्री एवं चुम्मन निषाद मंडल कांग्रेस कमेटी सिधोंला अध्यक्ष ने सुरगी समिति अध्यक्ष एवं प्रबंधक जितेन्द्र चंद्राकर सहायक प्रबंधक दुष्यंत कुमार पटेल सहित सभी कर्मचारियों बधाई दिया।

## ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारियों ने काली पट्टी लगाकर किया कार्य



**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** छत्तीसगढ़ कृषि स्नातक शासकीय कृषि अधिकारी संघ जिला राजनांदगांव ने संघ के आह्वान पर वर्षों से लंबित मांगों को लेकर चरण बद्ध आंदोलन की घोषणा की है संघ के जिला अध्यक्ष योगेश बिशने, उपाध्यक्ष प्रणेश शर्मा,सचिव शेखर हिरवानी एवं अन्य पदाधिकारी ने बताया कि पूर्व वर्षों से लंबित अपनी जायज मांगों को लेकर बार-बार शासन को अवगत कराया गया है की और शासन से हर बार आश्वासन ही मिला है।संघ अपनी मांगों को लेकर अडिग है। संघ की प्रमुख मांगे- ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारियों का वेतन मान संशोधन 4300 ग्रेड पे, फिक्स टी ए 2500 प्रतिमाह किया जाए, मोबाइल इंटरनेट लैपटॉप व स्टेशनरी हेतु संसाधन भत्ता, गैर विभागीय कार्यों से मुक्ति तथा लंबित पदोन्नति प्रक्रिया भ तत्काल प्रारंभ किया जाए। आंदोलन का स्वरूप 8 व 9 सितंबर को काली पट्टी लगाकर काम करना,15 सितंबर को तहसील व जिला स्तर पर रैली ज्ञापन साथही बिना संसाधन भत्ता के समस्त ऑनलाइन कार्यों का बहिष्कार, 23 सितंबर को जिला मुख्यालय पर एक दिवसीय धरना एवं रैली निकालकर मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौपा जाएगा।

## शिक्षक दिवस समारोह बड़े उत्साह और भावनात्मक माहौल में मनाया गया



**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** पं. किशोरी लाल शुक्ल विधि महाविद्यालय में शिक्षक दिवस बड़े उत्साह और भावनात्मक माहौल में मनाया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने अपने शिक्षकों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया। विद्यार्थियों ने गीत, नृत्य, भाषण और खेल प्रस्तुत कर कार्यक्रम को यादगार बना दिया। यह दिन सभी के लिए वर्षों तक संजोकर रखने योग्य स्मृतियों से भरा रहा। कार्यक्रम के दौरान महाविद्यालय के प्रशासक डॉ. आर. एन. सिंह ने प्रेरणादायक भाषण देते हुए विद्यार्थियों के साथ एक प्रेरक प्रसंग भी साझा किया, जिसने सभी के हृदय को छू लिया। वहीं, महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. निमिषा मिश्रा ने विद्यार्थियों के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि उनके योगदान ने इस कार्यक्रम को और भी सुंदर और आश्चर्यजनक बना दिया। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राध्यापकों का सम्मान भी किया गया। सम्मानित प्राध्यापकों में डॉ. अल्का चव्हाण, श्री अतुल सोनी, श्री आदित्य श्रीवास्तव, श्रीमती प्रेरणा तिवारी, श्रीमती सोनाक्षी सिरवानी, सुश्री सुरभि अग्रवाल एवं सुश्री ओजस्विनी चव्हाण शामिल रहे। समारोह ने शिक्षक-विद्यार्थी संबंधों की गरिमा को नई ऊँचाइयों पर पहुँचाया और सभी के मन में गहरी छाप छोड़ी।

## विश्व आत्महत्या रोकथाम दिवस पर जिला न्यायालय में विशेष जागरूकता शिविर संपन्न

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** विश्व आत्महत्या रोकथाम दिवस पर जिला न्यायालय परिसर राजनांदगांव में सेन्ट्रल इंडिया इंस्टीट्यूट ऑफ मेन्टल हेल्थ एण्ड न्यूरो सांइस देवादा के संयुक्त तत्वावधान में विशेष जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश तथा अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्रीमती सुषमा सावंत ने विश्व आत्महत्या रोकथाम दिवस पर आयोजित विशेष जागरूकता शिविर में विभिन्न विभाग के कर्मचारियों एवं विद्यार्थियों में आत्महत्या की बढ़ती प्रवृत्ति को दृष्टिगत रखते हुए तनाव से बचने एवं आत्महत्या जैसे आत्मघाती कदम उठाने से रोकने के लिए हर परिस्थितियों में खुश रहने की कुंजी दी। कुलपति सेन्ट्रल इंडिया इंस्टीट्यूट ऑफ मेन्टल हेल्थ एण्ड न्यूरो सांइस देवादा श्री प्रमोद गुप्ता ने आत्महत्या जैसे कदम उठाने से रोकने के लिए अपने दैनिक जीवन तथा कार्यों का उचित प्रबंधन करने का मंत्र दिया।

# माँ बम्लेश्वरी मंदिर डोंगरगढ़ में दूर-दराज से पहुंचने वाले दर्शनार्थियों के लिए होनी चाहिए सुविधाजनक एवं चाक-चौबंद व्यवस्था : कलेक्टर

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे ने आज कलेक्टोरेट सभाकक्ष में माँ बम्लेश्वरी मंदिर डोंगरगढ़ में 22 सितम्बर 2025 से प्रारंभ होने वाले क्वांर नवरात्रि मेले में यात्रियों की सुविधा एवं कानून व्यवस्था के संबंध में बैठक ली। कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे ने कहा कि माँ बम्लेश्वरी मंदिर डोंगरगढ़ में दूर-दराज से लाखों की संख्या में दर्शनार्थी श्रद्धा एवं आस्था के साथ पहुंचते है। श्रद्धालुओं के लिए क्वांर नवरात्रि मेले में सुविधाजनक एवं चाक-चौबंद व्यवस्था होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि दर्शनार्थियों की संख्या प्रतिवर्ष बढ़ती जा रही है। जिसे देखते हुए हम सभी जिम्मेदारी बढ़ जाती है। उन्होंने सेवा पंडाल के संचालकों से बात की तथा सेवा पंडालों में चाय, नाश्ता, भोजन, पेयजल एवं अन्य सुविधा के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने खाद्य एवं सुरक्षा विभाग को खाद्य पदाथों का निरीक्षण करने के निर्देश दिए। उन्होंने डोंगरगढ़ मेला स्थल के आसपास साफ-सफाई करवाने के निर्देश दिए। उन्होंने सेवा पंडालों में पदयात्रियों के लिए दवाई, पट्टी, ओआरएस, ग्लूकोस घोल एवं अन्य चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। उन्होंने डोंगरगढ़ जाने वाले मार्ग में पदयात्रियों को ध्यान में रखते हुए लोक निर्माण विभाग को सड़क मरम्मत करने एवं दुर्घटनाजन्य स्थानों पर स्पीड ब्रेकर बनाने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा कि पदयात्री मार्ग में आने वाले विभिन्न ग्राम



पंचायतों के माध्यम से सहयोग लेते हुए सेवा पंडालों में व्यवस्था बनाएं तथा वहां प्रकाश, साफ-सफाई एवं अन्य व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए कहा। कलेक्टर ने रेलवे विभाग के अधिकारी को अतिरिक्त टिकट काउंटर खोलने तथा दर्शनार्थियों की सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी अधिकारियों, ट्रस्ट के सदस्यों, सेवा पंडाल के संचालकों तथा अन्य सभी को समन्वय एवं सहयोग से कार्य करने के लिए कहा। उन्होंने रोपवे के लिए फिटनेश सर्टिफिकेट एवं मेले की व्यवस्था के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

पुलिस अधीक्षक श्री मोहित गर्ग ने कहा कि माँ बम्लेश्वरी मंदिर डोंगरगढ़ में मेला स्थल एवं मंदिर में पार्किंग की अच्छी व्यवस्था होनी चाहिए। उन्होंने एम्बुलेंस, सेवा पंडाल के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि दर्शनार्थियों की संख्या के आधार पर भीड़ की स्थिति नहीं बने, इसे ध्यान में रखते हुए रोपवे टिकट का वितरण करें। आवागमन एवं यातायात की व्यवस्था सुचारू रूप से चलती रहे। अपर कलेक्टर श्री सीएल मारकण्डेय ने बताया कि माँ बम्लेश्वरी मंदिर डोंगरगढ़ में 22 सितम्बर से 1 नवम्बर 2025 तक आयोजित क्वांर नवरात्रि मेले में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के पहुंचने की संभावना है। जिसके लिए सभी आवश्यक तैयारियां सुनिश्चित की जा रही है। बैठक में वनमंडलाधिकारी श्री आयुष जैन, अपर कलेक्टर श्री प्रेम प्रकाश शर्मा, एसडीएम राजनांदगांव श्री खेमलाल वर्मा, एसडीएम डोंगरगढ़ श्री एम भार्गव, मां बम्लेश्वरी ट्रस्ट समिति के अध्यक्ष श्री मनोज अग्रवाल, मां बम्लेश्वरी ट्रस्ट समिति के उपाध्यक्ष श्री अनील गट्टानी, ट्रस्टी श्री महेन्द्र भाई पटेल, श्री योगश अग्रवाल, श्री गौतम चोपड़ा, श्री सुनील मुंदडा, नगर पालिक परिषद डोंगरगढ़ के अध्यक्ष श्री रमन डोंगरे, सेवा पंडाल संचालक सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

# परिवार, समाज और देश का भविष्य नशे की ओर बढ़ रहा, सभी को मिलकर रोकना होगा-विवेक मोनू भंडारी

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** युवाओं में नशे की प्रवृत्ति तेजी से बढ़ रही है, जिसका सीधा असर उनके स्वास्थ्य, पढ़ाई, करियर और सामाजिक जीवन पर पड़ रहा है। इस गंभीर समस्या से निपटने और नई पीढ़ी को सही दिशा दिखाने के लिए समाजसेवी विवेक मोनू भंडारी ने कहा कि स्थानीय प्रशासन, शिक्षण संस्थान, सामाजिक संगठन और परिवारों को मिलकर व्यापक जागरूकता अभियान चलाना होगा। भंडारी ने कहा कि स्कूल और कॉलेजों में नशे के दुष्प्रभाव, मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य पर विशेष कार्यशालाएँ आयोजित की जानी चाहिए। पंचायत, मोहल्ला समितियाँ और युवा संगठन नुक्कड़ नाटक, पोस्टर, स्लोगन और सोशल मीडिया के माध्यम से युवाओं को जागरूक करने में सक्रिय भूमिका निभाएँ। साथ ही माता-पिता को भी बच्चों से खुलकर संवाद करने और उन्हें सही जानकारी देने के लिए प्रेरित करना आवश्यक है। युवाओं को खेल, योग, संगीत, कला, नृत्य, थियेटर और सामाजिक कार्यों जैसे वृद्धाश्रम, बच्चों के आश्रम और पर्यावरण संरक्षण से जोड़ने की अपील करते हुए उन्होंने कहा कि इससे उनकी ऊर्जा का सकारात्मक उपयोग होगा और आत्मविश्वास के साथ जीवन में नई दिशा मिलेगी। उन्होंने कहा कि कई बार युवा तनाव, दबाव या अकेलेपन के कारण नशे की ओर आकर्षित होते



हैं। इसके समाधान के लिए स्कूल और कॉलेजों में काउंसलिंग सेंटर तथा समूह-चर्चा सत्र जरूरी हैं, जिससे युवा अपनी समस्याएँ साझा कर मानसिक दबाव कम कर पाएँगे। नशे की बिक्री और सेवन पर रोक लगाने के लिए प्रशासन को निगरानी और क़ानूनी कार्रवाई सख्ती से लागू करनी होगी। स्थानीय पुलिस, प्रशासन और समाज को मिलकर ठोस कदम उठाने होंगे। भंडारी ने कहा कि नशा केवल व्यक्ति को नहीं, बल्कि पूरे परिवार और समाज को खोखला करता है। इसलिए इस अभियान को सफल बनाने के लिए परिवार, शिक्षक, सामाजिक संगठन, सरकारी विभाग, मीडिया और राजनीतिक दलों की सक्रिय भागीदारी ज़रूरी है। उन्होंने आह्वान किया कि सभी संकल्प लें कि चाहे कोई अपना ही क्यों न हो, यदि वह नशे में लिप्त है तो उसका किसी भी प्रकार से सहयोग नहीं करेंगे। प्रशासन को चाहिए कि युद्धस्तर पर कार्रवाई करे और राजनीतिक दल भी नशामुक्ति अभियान को उसी गंभीरता से चलाएँ, जैसी गंभीरता चुनाव के समय दिखाई जाती है। अंत में विवेक मोनू भंडारी ने कहा कि यदि समाज, परिवार, प्रशासन, शिक्षक और राजनीतिक दल एकजुट होकर कार्य करें, तो निश्चित ही आने वाली पीढ़ी को नशे की अंधेरी राह से बचाकर उन्हें स्वस्थ, सुरक्षित और उज्ज्वलभविष्य दिया जा सकता है।

## छत्तीसगढ़ रजत जयंती पर क्विज प्रतियोगिता का आयोजन, छात्राओं ने दिखाया ज्ञान का दम

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना की रजत जयंती महोत्सव के उपलक्ष्य में शासकीय कमलादेवी राठी महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय, राजनांदगांव में मंगलवार को क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्राओं में शैक्षणिक जागरूकता, प्रतिस्पर्धात्मक भावना और आत्मविश्वास को बढ़ावा देना था। क्विज प्रतियोगिता दो चरणों में आयोजित की गई। पहला चरण 9 सितंबर को प्री-क्विज के रूप में हुआ, जिसमें विभिन्न संकायों से चयनित छह समूहों को फाइनल के लिए चुना गया। इनमें बीएससी के दो, तथा बीए, बी.कॉम, एमएससी और एमए के एक-एक समूह शामिल थे। मुख्य क्विज मुकाबला 10 सितम्बर को हुआ, जिसमें बहुविकल्पीय प्रश्नों के साथ-साथ दर्शकों के लिए भी प्रश्न रखे गए। आयोजन में 200 से अधिक छात्राएं दर्शक के रूप में मौजूद रहीं, जिससे कार्यक्रम में उत्साह और जोश का माहौल बना रहा।

## विधायक के खिलाफ नरेंद्र शुक्ला कर रहे आंदोलन

**किरनापुर ( नांदगांव टाइम्स )।** किरनापुर की जायज मांगों को लेकर भारतीय जनता पार्टी के लांजी किरनापुर विधानसभा क्षेत्र के विधायक राजकुमार कर्राहे को भविष्य में जनता को झूठा आश्वासन न दे पाए इसके लिए नरेंद्र कुमार शुक्ला आंदोलन किए हुए है।



# विश्व आत्महत्या निवारण सप्ताह एवं दिवस पर एक दिवसीय जन-जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** सीआरसी राजनांदगांव, जो एन.आई.ई.पी.आई.डी. सिकंदराबाद के प्रशासनिक नियंत्रणाधीन है, द्वारा दिनांक 11 सितम्बर 2025 को विश्व आत्महत्या निवारण सप्ताह एवं दिवस के अवसर पर एक दिवसीय जन-जागरूकता कार्यक्रम सफलतापूर्वक आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथि वक्ताओं डॉ. रोहित कुमार तुली (सहायक प्राध्यापक, सीआईआईएमएचएएनएस, देवाड़ा), सुश्री स्मिता महोभिया (निदेशक) एवं श्री प्रशांत मेश्रराम (सीआरसी राजनांदगांव) द्वारा दीप प्रज्वलन कर किया गया। एडीआईपी एवं आरवीवाई योजनांतर्गत 8 दिव्यांग लाभार्थियों को सहायक उपकरण एवं सहायक सामग्री का वितरण किया गया, जिसमें एलएस ब्रेस, नी ब्रेस, ट्राईपॉड, कमोड चेयर, व्हीलचेयर एवं टीएलएम किट शामिल थे। कार्यक्रम में कुल 75 प्रतिभागियों ने सहभागिता की, जिनमें छात्र-छात्राएँ, अभिभावक, लाभार्थी एवं सीआरसी के अधिकारी-कर्मचारी सम्मिलित थे। दिनभर विभिन्न व्याख्यान एवं जागरूकता सत्र आमंत्रित विशेषज्ञों एवं सीआरसी संकाय द्वारा प्रस्तुत किए गए। 1.डॉ. रोहित कुमार तुली (सहायक प्राध्यापक, सीआईआईएमएचएएनएस, देवाड़ा) - आत्महत्या निवारण के मनोवैज्ञानिक आयामों, पारिवारिक सहयोग की भूमिका तथा मानसिक रोगों से जुड़े कलंक को कम करने की आवश्यकता पर प्रकाश डाला। 2.सुश्री गीतांजलि सिन्हा एवं श्रीमती शारदा बंजारे (एसआई रक्षा टीम, राजनांदगांव, थाना प्रभारी कार्यालय राजनांदगांव) - महिलाओं की सुरक्षा एवं आत्मरक्षा पर जागरूकता सत्र लिया तथा अभिव्यक्ति ऐप के बारे में बताया, जो विशेष रूप से महिला सुरक्षा हेतु बनाया गया है। 3.डॉ. आयुष गुप्ता (ग्रामीण स्वास्थ्य अधिकारी, तुलसीपुर) ङ्क समय पर चिकित्सा एवं मनोवैज्ञानिक हस्तक्षेप की आवश्यकता पर जोर दिया तथा सीपीआर एवं प्राथमिक उपचार पर जनसांख्यिकीय प्रस्तुति दी।4.डॉ. प्रदीप शर्मा (रेडक्रॉस सोसाइटी, राजनांदगांव) - जागरूकता फैलाने एवं सामुदायिक मानसिक स्वास्थ्य सहयोग में स्वैच्छिक संगठनों की भूमिका पर बल दिया। 5.डॉ. पुखराज बाफना (बाल रोग विशेषज्ञ, राजनांदगांव) ङ्क परिवार एवं समुदाय के सहयोग की भूमिका तथा मानसिक स्वास्थ्य से जुड़े कलंक को कम करने की आवश्यकता पर चर्चा की। सभी प्रतिभागियों को प्रोत्साहित करने हेतु बिस्कुट एवं फ्रूटी का वितरण किया गया।पूरे कार्यक्रम का सफल संचालन सीआरसी राजनांदगांव द्वारा किया गया।



# मोहारा रोड पर फ्लाईओवर के नीचे खुलेआम चल रही शराबखोरी सड़क से गुजरना हो रहा मुश्किल, शराबी कर रहे गंदगी

## फ्लाईओवर के नीचे कचरे का ढेर, स्वच्छता मुहिम की पोल खुली

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** संस्कारधानी कहलाने वाले राजनांदगांव के मोहारा फ्लाईओवर के नीचे खुलेआम शराब सेवन से आमजन परेशान हैं। रोज जमावड़ा लगाकर यहां शराब पीते दिखाई देते हैं। इसके अलावा यहां ठेला-खोमचा सहित अन्य दुकानों में आसानी से शराब भी मिल रही है। फ्लाईओवर के नीचे अघोषित आहता बन गया है। हद तो तब है जब यहां शराबखोरी करवाने के बाद दुकान और मदिरा प्रेमी जमकर गंदगी फैला रहे हैं। बाइपास बनने के बाद मोहारा रोड में यह व्यस्तक चौराहा बन गया है। यहां हमेशा आवाजाही बनी रहती है, लेकिन खुलेआम शराब खोरी के चलते माहौल खराब रहता है, इस वजह से यहां गुजरने के लिए महिलाएं कतराती हैं, शाम के बाद तो माहौल और भी खराब हो जाता है। राहगीरों का कहना है कि शराब सेवन की वजह से फ्लाईओवर के नीचे पानी पाउच, डिस्पोजल और शराब की बोतलों के कांच के टुकड़े बिखरे रहते हैं। इससे न केवल गंदगी फैलती है, बल्कि बदबू और असामाजिक तत्वों का जमावड़ा भी माहौल को खराब करता है।



**अवैध रूप से शराब की बिक्री भी हो रही है, कार्रवाई की मांग**

स्थानीय लोगों का कहना है कि संस्कारधानी कहलाने वाले शहर और विस अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह के क्षेत्र में शहर के प्रवेश में ही फ्लाईओवर के नीचे का ऐसा माहौल समाज को गलत संदेश देता है। राहगीरों और नागरिकों ने शासन-प्रशासन से मांग की है कि फ्लाईओवर के नीचे अवैध शराब बिक्री और दुकानों में सेवन पर रोक लगाई जाए। इसके अलावा यहां फैली गंदगी को भी साफ कराई जाए। इससे क्षेत्र का वातावरण स्वच्छ और सुरक्षित बन सकेगा।

**पहले हुई थी कार्रवाई**

यहां फैली गंदगी स्वच्छता अभियान को चिढ़ाते नजर आती है। इससे नगर निगम की लापरवाही भी उजागर हो रहा है। बता दें कि कुछ समय पहले नगर निगम की ओर से यहां अवैध ठेला-खोमचा लगाने वालों पर कार्रवाई की गई थी। इसके अलावा उन्हें कचरा नहीं फैलाने की भी समझाइश दिया गया था।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी स्वयं झाड़ू लगाकर देश को दिया स्वच्छता का संदेश, लेकिन राजनांदगांव के नेता, अधिकारी उड़ा रहे धज्जिया स्वच्छता के जन अभियान की अगुआई करते हुए प्रधानमंत्री ने जनता को महात्मा गांधी के स्वच्छ और स्वास्थ्यवर्धक वातावरण वाले भारत के निर्माण के सपने को साकार करने के लिए प्रेरित किया। श्री नरेन्द्र मोदी ने स्वयं स्वच्छता अभियान को शुरू किया। धूल-मिट्टी को साफ़करने के लिए झाड़ू उठाकर स्वच्छ भारत अभियान को पूरे राष्ट्र के लिए एक जन-आंदोलन का रूप दिया और कहा कि लोगों को न तो स्वयं गंदगी फैलानी चाहिए।

**नाम-परिवर्तन**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता हैं कि मैं जयकरण पिता जोहन गोंड़ निवासी ग्राम कन्हारगांव पो. देवकटटा तहसील-डोंगरगढ़ जिला-राजनांदगांव छ0ग0 का निवासी हूं एव मेरी पुत्री के आधार कार्ड में नाम तनु पिता जयकरन अंकित हैं जो गलत प्रविष्ठ हो गया हैं जिसे मैं अपनी पुत्री का नाम परिवर्तन किये जाने के लिये पुत्री का वास्तविक व सही नाम तेजेश्वरी पिता जयकरण (Tejeshwari D/o Jaykaran) के नाम से जाना एव पहचाना जावे ।

सुचना जाने ।

भवदीय

(जयकरण) Jaykaran

निवासी ग्राम कन्हारगांव पो. देवकटटा तहसील-डोंगरगढ़ जिला-राजनांदगांव

**नाम-परिवर्तन**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता हैं कि मैं अरविन्द लाड़े पिता बाबूराव निवासी ग्राम घोरतलाव पो. सड़क चिरचारी थाना बागनदी तहसील-छुरिया जिला-राजनांदगांव छ0ग0 का निवासी हूं एव मेरे राजस्व अभिलेख में नाम अरूण कुमार एव शाला अभिलेख में नाम अरवीन कुमार कलार अंकित हैं जो गलत प्रविष्ठ हो गया हैं जिसे मैं अपना नाम परिवर्तन किये जाने के लिये अपना का वास्तविक व सही नाम अरविन्द लाड़े पिता बाबूराव (Aravind Lade S/o Baburao) के नाम से जाना एव पहचाना जावे ।

सुचना जाने ।

भवदीय

(अरविन्द लाड़े) ARAVIND LADE

निवासी ग्राम घोरतलाव पो. सड़क चिरचारी थाना बागनदी तहसील-छुरिया जिला-राजनांदगांव

**नाम-परिवर्तन**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता हैं कि मैं राम प्रवेश कुमार चौधरी पिता स्व. दशरथ प्रसाद चौधरी निवासी मकान नं. 103, वार्ड नं. 06, मरार बाडी के पास रेल्वे कालोनी डोंगरगढ़ थाना-तहसील-डोंगरगढ़ जिला-राजनांदगांव छ0ग0 का निवासी हूं एव मेरे पुत्र ऋषभ चौधरी के शाला अभिलेख में मेरा नाम आर.पी.के. चौधरी (R.P.K.CHOUDHARY) अंकित हैं जो गलत प्रविष्ठ हो गया हैं जिसे मैं अपना नाम परिवर्तन किये जाने के लिये अपना वास्तविक व सही नाम राम प्रवेश कुमार चौधरी (RAM PRAWESH KUMAR CHOUDHARY) के नाम से जाना एव पहचाना जावे ।

सुचना जाने ।

भवदीय

(राम प्रवेश कुमार चौधरी)

(RAM PRAWESH KUMAR CHOUDHARY)

निवासी मकान नं. 103, वार्ड नं. 06, मरार बाडी के पास रेल्वे कालोनी डोंगरगढ़ थाना-तहसील-डोंगरगढ़ जिला-राजनांदगांव

**नाम-परिवर्तन**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता हैं कि मैं मेला सिंह पिता कृपाराम कंवर निवासी ग्राम बाकलेडी पो.ढ़ारा तहसील-डोंगरगढ़ जिला-राजनांदगांव छ0ग0 का निवासी हूं एव मेरी पुत्री के आधार कार्ड में नाम दुर्गा चन्द्रावंशी पिता मेला चन्द्रावंशी अंकित हैं जो गलत प्रविष्ठ हो गया हैं जिसे मैं अपनी पुत्री का नाम परिवर्तन किये जाने के लिये पुत्री का वास्तविक व सही नाम दुर्गेश्वरी कंवर पिता मेला सिंह (Durgeshwari Kanwar D/o Mela Singh के नाम से जाना एव पहचाना जावे ।

सुचना जाने ।

भवदीय

(मेला सिंह) Mela Singh

निवासी ग्राम बाकलेडी पो.ढ़ारा तहसील-डोंगरगढ़ जिला-राजनांदगांव

**शुभांक**

**3-7-9**

**370-0 137-1**

**भाग्यांक**

**390-2 258-5**

**नाम-परिवर्तन**

सर्वसाधारण को सुचित किया जाता है कि मैं रिंपल बच्चु आरव आशियाना वार्ड नं 11 तरुण टाकिज शंकर नगर दूर्ग छत्तीसगढ़ कि निवासी हूं। मैं यह शपथ करती हू,कि मेरा पुराना नाम रिंपल बच्चु के स्थान पर पुराना नाम को परिवर्तित कर मेने अपना नया नाम रिंपल कौर भाटिया पति श्री मनप्रीत सिंह भाटिया रखवा लिया है, अतः अब में अपनी समस्त शासकीय,अर्धशासकीय,व अन्य दस्तावेजों में रिंपल कौर भाटिया के नाम से ही जाना ,व पहचाने जाने हेतु छत्तीसगढ़ राजपत्र (गजट) में प्रकाशित करना चाहती हूं।

रिंपल कौर भाटिया

पति मनप्रीत सिंह भाटिया

आरव आशियाना

वार्ड नंबर 11

शंकर नगर दुर्ग, जिला-दुर्ग

# करमतरा में बांटी गई साइकिल

## छात्राओं को मिला मां सरस्वती योजना का लाभ



**करमतरा/राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** शासकीय किसान उच्चतर माध्यमिक शाला करमतरा में 11 सितंबर 2025 बुधवार को अध्ययनरत 35 छात्राओं को छत्तीसगढ़ शासन की मां सरस्वती योजना तहत नई साइकिल बांटी गई। साइकिल मिलने से कक्षा 9 वीं की छात्राएं प्रफुल्लित नजर आई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जनपद सदस्य व शाला विकास व प्रबंधन समिति के अध्यक्ष टूमनलाल साहू थे। अध्यक्षता सरपंच श्रीमती रेखा बघेल ने की। अतिथियों ने छात्राओं को साइकिल की चाबी सौंपी। मुख्य अतिथि टूमन लाल साहू ने इस अवसर पर सभी बच्चों का स्वागत करते हुए कहा कि यह योजना शिक्षा में समानता की दिशा में मील का पत्थर साबित होगी। छात्राओं को प्रोत्साहित करते हुए उन्होंने कहा आज कि बेटियां हर क्षेत्र में अपनी प्रतिभा का परचम लहरा रही हैं। सरपंच श्रीमती बघेल ने सभी छात्रों को तिलक लगाकर उन्हें बधाई देते हुए शुभकामनाएं दी। संस्था के प्राचार्य राजेश शर्मा ने कहा कि साइकिल मिलने से अब वे बिना किसी कठिनाई के नियमित रूप से विद्यालय आ-जा सकेंगी और अपनी पढ़ाई पूरी लगन से कर पाएंगी। प्राचार्य श्री शर्मा ने पूरी सावधानी से साइकिल चलाने की नसीहत देते हुए कहा कि यह योजना न केवल बालिकाओं की शिक्षा में सहायक है, बल्कि यह नारी सशक्तिकरण की दिशा में भी एक मजबूत कदम है। कई छात्राओं ने बताया पहले रोजाना लंबी दूरी पैदल तय करनी पड़ती थी। इससे पढ़ाई में बाधा आती थी, लेकिन अब साइकिल मिलने से समय और ऊर्जा दोनों की बचत होगी और वे अपनी पढ़ाई पर अधिक ध्यान केंद्रित कर सकेंगी। इस अवसर पर बड़ी संख्या में पालकों सहित व्याख्याता किसन सिंग सोरी, रामप्रसाद देवांगन, सुरेश कुमार, नंदकुमार पटेल, राकेश साहू, श्रीमती अर्चना साहू, नीलम सिंह, दिव्या वर्मा, मनीष शर्मा, योगेंद्र सिंह ठाकुर व स्कूल के बच्चे उपस्थित थे।

**कार्यालय कार्यपालन अभियंता, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खंड, खैरागढ़-छुईखदान-गण्डई (छ.ग.)**

Email-eekhaira-phe@cg.gov.in

**//ई-प्रोक्यूरमेंट निविदा सूचना //**

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से प्रपत्र ÷ए÷ में प्रतिशत दर पर जल जीवन मिशन के रेट्रोफिटिंग/सिंगल विलेज नलजल प्रदाय योजनान्तर्गत निर्माण कार्यों हेतु निम्नलिखित आनलाईन (Online) निविदा आमंत्रित की जाती है।

| स. क्रं. | निविदा क्र./दिनांक सिस्टम टेंडर क्रं. | कार्य का विवरण | अनुमानित लागत (रू.लाख में ) |
|---|---|---|---|
| 1 | 19/04.09.2025.174918 | विकासखंड खैरागढ़ के ग्राम कोहकाबोड़ _SVSI | 71.53 |

**नोट :-** उपरोक्त निर्माण कार्य की निविदा की सामान्य शर्तें धरोहर राशि की विस्तृत निविदा, विज्ञापित निविदा, दस्तावेज व अन्य जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट वेब पोर्टल (https://eproc.cgstate.gov.in) से दिनांक-08.09.2025 से देखा जा सकता है एवं दिनांक 24.09.2025 सांय 5:30 बजे तक डाउनलोड की जा सकती है।

**कार्यपालन अभियंता**

**लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड**

**खैरागढ़-छुईखदान-गंडई (छ.ग.)**

जी - 252603337/3

nandgaon times sep-12-3.qxd 9/11/2025 11:55 PM Page 3



## ज्ञान मंथन

*1) यूनिफाइड जीनोमिक चिप का विकास किस संगठन ने किया?*
*2) गेलफूच्माइंडफुलनेस सिटीज् परियोजना किस देश द्वारा शुरू की गई है?*
*3) सोनाई-रुपाई वन्यजीव अभयारण्य किस राज्य में स्थित है?*
*4) भारतीय नौसेना द्वारा आयोजित 2024 एडमिरल कप किस देश ने जीता?*
*5) हाल ही में प्राचीन उमामहेश्वर धातु मूर्ति किस राज्य में मिली है?*

**RamaQuiz (Pappu Ganesh )**



## उत्तर माला

(1) पशुपालन और डेयरी विभाग (2) भूटान (3) असम (4) रूस (5) कर्नाटक

# केंद्र सरकार का जीएसटी सुधार ऐतिहासिक निर्णय : किरण साहू

जिला पंचायत उपाध्यक्ष श्रीमती किरण साहू प्रेस नोट जारी करते हुए कह की केंद्र सरकार द्वारा 2025 जीएसटी सुधार का फैसला लिया गया वो आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में ऐतिहासिक कदम होगा यह आम नागरिकों की जिंदगी को आसान बनाने के साथ ही अर्थव्यवस्था को और मजबूत करेगा। भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ने स्वतंत्रता दिवस पर लाल किले के से अपने भाषण में 2025 के लिए जीएसटी सुधार का वादा किया था उसे पूरा करते हुए केंद्र सरकार द्वारा जीएसटी दरों में कटौती और सुधार किया गय सराहनीय कदम है, जिससे आम आदमी, किसानों, एमएसएमई, मध्यम वर्ग, महिलाओं और युवाओं को लाभ होगा और व्यापक सुधार हमारे नागरिकों के जीवन को बेहतर बनाएगाए खास कर छोटे व्यापारियों और व्यवसायों के लिए व्यापार करने में आसानी होगी। भारत की अर्थव्यवस्था को सशक्त, पारदर्शी और समावेशी बनाने के इस ऐतिहासिक निर्णय के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण का हृदय से आभार



व्यक्त करता हूं।जिला पंचायत उपाध्यक्ष श्रीमती किरण साहू ने प्रेस नोट में आगे कह है कि नए जीएसटी नियम 2025 में कई महत्वपूर्ण बदलाव किए गए हैं जो व्यापारियों और उपभोक्ताओं दोनों के लिए लाभकारी होंगे। इन बदलावों का उद्देश्य कर प्रणाली को सरल और पारदर्शी बनाना है।

**मुख्य बदलाव:** - जीएसटी पंजीकरण सीमा में बदलाव: छोटे व्यापारियों के लिए जीएसटी पंजीकरण की सीमा बढ़ाई गई है, जिससे उन्हें जीएसटी के तहत पंजीकरण कराने के लिए अधिक आय की आवश्यकता नहीं होगी। - डिजिटल टैक्स रिटर्न और भुगतान: अब टैक्स रिटर्न और भुगतान पूरी तरह से डिजिटल रूप में होगा, जिससे प्रक्रिया तेजी से और सरल हो जाएगी। - स्मार्ट ऑडिट और पेनल्टी सिस्टम: जीएसटी की ऑडिट प्रक्रिया को और अधिक स्मार्ट बनाया जाएगा और जुर्माना की दरों में मामूली बदलाव किया जाएगा। - जीएसटी स्लैब में बदलाव: अब केवल दो जीएसटी स्लैब होंगे - 5त्न और 18त्न। इससे पहले चार स्लैब थे - 5त्न, 12त्न, 18त्न, और 28त्न। - उत्पादों पर जीएसटी दरें: कुछ उत्पादों पर जीएसटी दरें कम की गई हैं, जैसे कि साबुन, शैम्पू, घी, मक्खन, नूडल्स, और बर्तन पर अब 5त्न जीएसटी लगेगा। - कृषि उपकरणों पर जीएसटी दरें: ट्रैक्टर और कृषि मशीनरी पर जीएसटी दर 12त्न से घटकर 5त्न हो गई है। - हेल्थ इंश्योरेंस पर जीएसटी दरें: हेल्थ इंश्योरेंस पर जीएसटी दर 18त्न से घटकर 0त्न हो गई है।उन्होंने अंत में कह की इन बदलावों से व्यापारियों और उपभोक्ताओं दोनों को लाभ होगा और देश की अर्थव्यवस्था को भी गति मिलेगी।

## जीएसटी रिफार्म से आवश्यक वस्तुओं के दामों में आएगी कमी,,हर सेक्टर को मिलेगा बूम-- राजेश गुप्ता अग्रहरि



**राजनांदगांव।** भारतीय जनता पार्टी आर्थिक प्रकोष्ठ के प्रदेश कार्य समिति सदस्य जिला भाजपा सांस्कृतिक प्रकोष्ठ प्रभारी राजेश गुप्ता अग्रहरि ने केंद्र सरकार द्वारा देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और वित्तमंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमण के नेतृत्व में जीएसटी में किए गए बदलाव की तारीफ करते हुए कहा कि पूर्व के 4 स्लैब की जगह जीएसटी में मात्र दो स्लैब 5 और 18 रखें जाने से आवश्यक वस्तुओं के दामों में जहां कमी आएगी वहीं व्यापार व्यवसाय ,उद्योग को भी नई गति मिलेगी। देश के विकास दर में इससे पंख लगना निश्चित है उन्होंने कहा कि जीएसटी के नए प्रावधान से देश की अर्थव्यवस्था आसमान की उड़ान पर रहेगी। उन्होंने ने यह भी कहा कि जीएसटी में बदलाव आम जन को खुशहाल करेगा इसके साथ ही एक राष्ट्र एक टैक्स की भावना भारत श्रेष्ठ भारत की अवधारणा को पुष्ट करेगा। व्यापार व्यवसाय से जुड़े श्री अग्रहरि ने कहा कि आजादी के बाद से लेकर 101 वें संविधान संशोधन द्वारा 1 जुलाई 2017 को जीएसटी लागू होने से पहले तक भारत में 17 प्रकार के टैक्स और 13 प्रकार के सेस लागू थे। इसके अलावा भी राज्य सरकारे मनमाने ढंग से कभी भी कोई भी कर आरोपित कर देती थी। प्रत्यक्ष कर की बातें करें तो आयकर की दर तो एक समय अधिकतम 97.5 प्रतिशत तक पहुंच गया था। पिछले वर्ष 12 लाख सालाना की आय पर टैक्स नहीं लागू करने का निर्णय लेने के बाद अब जीएसटी मै चार स्लैब के बदले दो ही स्लैब रखने, सभी उपयोगी वस्तुओं पर कर शून्य करने और अनेक उत्पादों में कर 10 प्रतिशत तक कम कर देने से अब वास्तव में भारतीय अर्थव्यवस्था जनता के लिए रामराज्य लाने वाला साबित होगा।

## धनीराम साहू शासकीय किसान स्कूल अर्जुनी में छात्राओं को सायकल वितरण किया गया

**डोंगरगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** धनीराम साहू शासकीय किसान उ0मा शाला अर्जुनी में स्कूली बच्चों को नि:शुल्क सरस्वती सायकल योजना के अन्तर्गत 26 छात्राओं को सायकल वितरण किया गया है कार्यक्रम के मुख्य अतिथि किरण साहू जिला - पंचायत उपाध्यक ,विजय जैन शाला प्रधान समिति अध्यक्ष, सरपंच सहिता साहू, नागेश बनकर उपसरपंच, दिनेश साहू पूर्व जनपद उपाध्यक्ष, टामेश्वर साहू सांसद प्रतिनिधि, शिव कुमार, संजय सोनी, हिरामन सोनकर भैया बाल साहू ,ऐस` राम बन्दौरिया, दुर्गेश सिन्हा, कमलेश गंजीर, शालिनी उमिला ठाकुर दीपिका दुबे, हरेन्द्र मनीष गजभिये रश्मि घृत उपस्थित थे।अतिथि उद्बोधन ६मे बच्चों को छात्र जीवन में शिक्षा का महत्व प्रतिदिन विद्यालय आने अच्छे पढ़ाई हेतु प्रेरित किया गया विद्यालय के लिए 2 लाख रुपये की घोषणा की गयी , आभार प्रदर्शन आर के चौधरी व्याख्याता ने किया।



## 25वीं राज्य स्तरीय शालेय कीड़ा प्रतियोगिता का आज समापन

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** स्कूल शिक्षा विभाग छ.ग. शासन द्वारा आयोजित 25वीं राज्य स्तरीय शालेय कीड़ा प्रतियोगिता 2025 का समापन समारोह आज 12 सितम्बर शुकवार को प्रात: 11 बजे से अन्तर्राष्ट्रीय हॉकी स्टेडियम में आयोजित हैं जिसके मुख्य अतिथि श्री संतोष पाण्डे, सांसद लोकसभा क्षेत्र राजनांदगांव, समारोह के अध्यक्ष, श्रीमती किरण रविन्द्र वैष्णव, अध्यक्ष जिला पंचायत, राजनांदगांव, विशिष्ट अतिथि श्री सचिन बघेल, अध्यक्ष जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित, राजनांदगाँव, श्री योगेश दत्त मिश्रा, अध्यक्ष श्रम कल्याण मंडल छ.ग. शासन, श्रीमती किरण साहू, उपाध्यक्ष, जिला पंचायत राजनांदगाँव, श्री पारस टोपेन्द्र सिंह वर्मा, अध्यक्ष नगर पालिक निगम, राजनांदगाँव, श्री रमेश पटेल, पूर्व अध्यक्ष, राजगाम संपदा न्यास राजनांदगाँव, के विशिष्ट आतिथ्य में आयोजित है।

## कोषालय शासकीय कर्मचारी संघ ने सरकार को सौंपा ज्ञापन, पद नहीं बढ़ाने पर आंदोलन की चेतावनी

**राजनांदगांव( नांदगांव टाइम्स )।** छत्तीसगढ़ प्रदेश कोषालय शासकीय कर्मचारी संघ ने अधीनस्थ लेखा सेवा में पदों की संख्या बढ़ाने की मांग को लेकर सरकार को ज्ञापन सौंपा है। संगठन ने स्पष्ट चेतावनी दी है कि यदि 15 दिनों के भीतर उनकी मांग पर ठोस कार्रवाई नहीं की गई, तो चरणबद्ध तरीके से आंदोलन किया जाएगा।संगठन के प्रांतीय प्रवक्ता रूपेंद्र साहू ने बताया कि वर्ष 2014 से कोषालय लिपिकों के लिए पदोन्नति एवं परीक्षा हेतु पदों को शासन ने कम कर दिया है, जबकि पूर्व में इन पदों की संख्या अधिक थी। अन्य विभागों में पदोन्नति के अवसर बढ़े हुए हैं, लेकिन कोषालय कर्मचारियों के हित में अब तक कोई आदेश जारी नहीं किया गया।उन्होंने बताया कि संगठन ने अगस्त 2023 से काली पट्टी लगाकर, जिला, संभाग और प्रदेश स्तर पर विरोध प्रदर्शन किए।

# ग्राम किसना में दो दिन रामधुनी झांकी प्रतियोगिता प्रथम जय मां भगवती रामधुनी मंडली भंवरमरा द्वितीय



**राजनादगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** किसना में दो दिवसीय रामधुनी झांकी प्रतियोगिता में प्रथम भंवरमरा बैठकी में विरौदा ग्राम किसना में दो दिन रामधुनी झांकी प्रतियोगिता कार्यक्रम में रामधुनी झांकी प्रतियोगिता में प्रथम जय मां भगवती रामधुनी मंडली भंवरमरा द्वितीय छत्तीसगढ़ लोक रागिनी श्री बाल समाज रामधुनी परिवार ठेठवार लजिया तृतीय जय मां महाकालेश्वर रामधुनी मंडली बुद्धू भरदा चतुर्थ जय मां शीतला रामधुनी मंडली कमलेश्वर धाम ओदरागहन पंचम जय अंबे रामधुनी मंडली गिदर्री बैठकी में प्रथम जय शीतला संगम रामधुनी मंडली विरौदा अभनपुर द्वितीय नव जागृति रामधनी मंडली सिरसिदा कुरुद तृतीय श्री सिध्दीविनायक रामधुनी मंडली अरौद विशेष पुरस्कार गायन में जय मां बमलेश्वरी रामधनी मंडली गहिरा नवागांव वादन में मोर नान्हे संगवारी रामधुनी पार्टी जोरातराई झांकी जय मां दंतेश्वरी रामधुनी परिवार गोटीटोला निर्णायक व्याख्याकर चिंताहरण पटेल संगीत पक्ष वासुदेव साहू वेशभूषा एवं अनुशासन के निर्णायक तुलाराम बनपेला रामकुमार वैष्णव चंदेश गंजीर परमेंद्र निषाद अशोक अशोक सिंन्हा खेमचंद स्टूडियो एवं ग्रामवासी उपस्थित् रहा।

# शासकीय प्राथमिक शाला ब्राम्हण मासुल में शिक्षक-पालक बैठक सम्पन्न हुआ

### बच्चों के सर्वांगीण विकास पर हुई गहन चर्चा हुई

**डोंगरगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** शासकीय प्राथमिक शाला ब्राम्हण मासुल ,संकुल - कल्लू बंजारी, विकास खंड - छुरिया में प्रतिमाह आयोजित होने वाली शाला प्रबंधन समिति एवं पालक बैठक में इस माह बच्चों की पढ़ाई और सर्वांगीण विकास पर विशेष चर्चा की गई।



बैठक में सहायक शिक्षक पुरुषोत्तम कुमार साहू ने शासन की शैक्षणिक गतिविधियों एवं राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 (हृश्वक्क-2020) के अंतर्गत चल रहे स्नरुह कार्यक्रम, नवाचार, पियर लर्निंग, विषय मित्र एवं गली मित्र योजना की जानकारी पालकों को दी। उन्होंने बताया कि इन माध्यमों से बच्चों की सीखने की क्षमता और पढ़ाई का स्तर तेजी से सुधर रहा है। बैठक में शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष द्वारिका पाल, उपाध्यक्ष रामकुमार पड़ौती, शिक्षाविद् शंकर प्रसाद तिवारी सहित सदस्यगण ङ्क शंभू पड़ोती, हरचंद पटेल, कृष्णा प्रसाद तिवारी, हेमू पटेल तथा माताओं ने सक्रिय सहभागिता की। सभी ने विद्यालय की गतिविधियों पर चर्चा कर अपने सुझाव रखे। इस अवसर पर बच्चों के नवोदय व एकलव्य विद्यालय प्रवेश परीक्षा की तैयारी, नवोदय मेगा टेस्ट, त्रैमासिक परीक्षा, स्नरुह मेला, खेल, संस्कृति, टेक्नोलॉजी का उपयोग, नियमित उपस्थिति तथा बच्चों में अच्छे संस्कार व व्यवहार विकसित करने जैसे विषयों पर विचार-विमर्श किया गया। बैठक का संचालन संकुल समन्वयक मूलचंद मंडावी एवं संकुल प्रभारी गोतरहीन कुंजाम , प्रधान पाठक गजेन्द्र कुमार खिलौरिया एवं सहायक शिक्षक पुरुषोत्तम कुमार साहू ने किया। अंत में विद्यालय परिवार ने उपस्थित पालकों व समिति सदस्यों का आभार व्यक्त किया।

# वन परिक्षेत्र खुज्जी के लिपिक बुद्धेश्वर प्रसाद दुबे हुए सेवानिवृत्त

### बिदाई और सम्मान समारोह कार्यक्रम सम्पन्न, खुज्जी,परिक्षेत्र में 42 वर्षों तक सेवा दी

**डोंगरगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** वन परिक्षेत्र कार्यालय खुज्जी,डोंगरगांव में पदस्थ सहायक ग्रेड 3 परिक्षेत्र के लिपिक बुद्धेश्वर प्रसाद दुबे का सेवानिवृत्ति विदाई सम्मान समारोह कार्यक्रम का आयोजन कर वन परिक्षेत्र के कर्मचारियों ने सेवानिवृत होने पर बुद्धेश्वर प्रसाद दुबे को पुष्पगुच्छ, माला , शाल ,श्रीफल, मोमेंटो से सम्मानित कर विदाई दी गई ,विदाई एवं सम्मान समारोह कार्यक्रम में प्रमुख अतिथि के रूप में बुद्धेश्वर प्रसाद दुबे थे कार्यक्रम में बुद्धेश्वर प्रसाद दुबे ने कहा वन परिक्षेत्र कार्यालय खुज्जी परिक्षेत्र में मैंने लगातार 42 वर्षों तक कर्तव्य निष्ठा और कड़ी मेहनत कर अपने सभी दायित्वों निर्वाहन करते हुए बहुत ही सफलतापूर्वक निर्वहन किया है वन विभाग में छोटे बड़े और उच्च



अधिकारियों के बीच रहकर सभी प्रकार के काम करने का और सीखने का मौका मिलता रहा लंबे समय के कार्यकाल में कर्मचारियों के साथ मैने हमेशा पारिवारिक माहौल में काम करने का भी अच्छा मौका मिला सभी का मैंने अपने ड्यूटी के दौरान कुशलता पूर्वक कार्य किया मैंने अपने जीवन काल में 42 वर्षों तक वन विभाग में बेदाग छवि के साथ तथा पारिवारिक दायित्व का भी निर्वहन करते हुए सफलतापूर्वक कार्य किया है

**बुद्धेश्वर प्रसाद दुबे का बैंड धूमाल पुष्प वर्षा के साथ स्वागत कर निवास तक पहुंचाया गया**

वन विभाग खुज्जी ,डोंगरगांव परिक्षेत्र के कर्मचारियों ने विदाई समारोह में सेवानिवृत हुए बुद्धेश्वर प्रसाद दुबे को सम्मान करते हुए बैंड धूमाल और पुष्प वर्षा करते हुए धूमधाम से उनके निवास तक पहुंचाया गया , विदाई एवं सम्मान समारोह कार्यक्रम में प्रवीण कुमार देहारे प्रशिक्षु ,मीनाक्षी गणवीर प्रशिक्षु ,मुक्तेश्वर वर्मा खुज्जी,शकुंतला वैष्णव कुमरदा,अन्नपूर्णा साहू दर्री ,दिलीप कुमार देवांगन ,देवेंद्र कुमार सलामे,कमलेश कुमार जांगड़े ,कौशल्या मानकर, ,ममता ,विकास सिंह ठाकुर नेमचंद , अविनाश साहू ,हेमलाल साहू, कमलेश चंद्रवंशी , अमरलालसुधाकर ,घनश्याम चंद्राकर ,बबला ,गणपत देवांगन ,भगवती ,शारदा, देवलाल, जितेंद्र , किशुन साहू ,हेमंत ,थान सिंह,अभय सिंह ,देव सिंह , भगवानी , किशन कुमार साहू और बड़ी संख्या में खुज्जी श्रेत्र वन कर्मी उपस्थित थे।

## नवरात्र मेले में मीना बाजार झूलो की दर कम हो

**डोंगरगढ़ ( नांदगांव टाइम्स )।** डोंगरगढ़ के भाजपाइयों ने क्वांर नवरात्र पर्व पर लगने वाले मेले में आम लोगों के लिए झूलो के दर को कम रखने को लेकर एस डी एम और मुख्यनगरपालिका अधिकारी के नाम सौंपा गया है। विश्व हिंदू परिषद जिलाध्यक्ष व पूर्व नपाध्यक्ष तरुण हथेल द्वारा एक पत्र के माध्यम से अनुविभगीय अधिकारी एवं मुख्यनगरपालिका अधिकारी को ज्ञापन सौंपा गया है। पत्र में उल्लेख है कि आगामी क्वांर नवरात्र पर्व में डोंगरगढ़ नगरपालिका प्रशासन द्वारा मीना बाजार लगाया जाता है जिसमें बाहर से आए दर्शनार्थियों एवं स्थानीय लोगों को सुविधाजनक दर्शन के अतिरिक्त मनोरंजन के लिए झूलों की व्यवस्था की जाती है । पिछली बार जिस तरह मीना बाजार के झूलो के लिए 50 से 60 रुपए प्रति झूला वसूला गया था जिसकी काफी आलोचना हुई थी। प्रशासन से दर्शनार्थियों के मनोरंजन के लिए सस्ती दर 20 से 30 रुपए करने हेतु मांग रखी गई है जो डोंगरगढ़ मां बम्लेश्वरी की नगरी में आने वाले दर्शनार्थियों के लिए महत्वपूर्ण उपलब्धि होगी। इस अवसर पर भाजपा नेता परविंदर सिंह मोंटी,तुलसी मिश्रा,पूर्व पार्षद राकेश अग्रवाल,रमेश यादव,गीता मानिकपुरी,मीना यादव,अनिल यादव,पूजा उज्जवने,बापी सान्याल एवं डोंगरगढ़ शहर एवं ग्रामीण के गणमान्य लोग भी उपस्थित हुए।



## धर्म समाचार....

# राम से बड़ा राम का नाम, आज से अखंड राम सप्ताह की शुरुआत

**खरसिया।** एक बार की बात हैं श्री राम दरबार में हनुमानजी महाराज श्री रामजी की सेवा में इतने तन्मय हो गये कि गुरू वशिष्ठ के आने का उनको ध्यान ही नहीं रहा ! सभी ने उठ कर गुरु का अभिवादन किया पर, हनुमानजी नहीं कर पाये। तब वशिष्ठ जी ने श्री रामजी से कहा कि राम, गुरु का भरे दरबार में अभिवादन नहीं कर अपमान करने पर क्या सजा होनी चाहिए? तों श्री रामजी ने कहा- गुरुवर आप ही बतायें। वशिष्ठ जी ने कहा- मृत्यु दण्ड । श्रीराम जी ने कहा- स्वीकार है। तब श्रीराम जी ने कहा कि गुरुदेव आप बतायें कि यह अपराध किसने किया है ? गुरुदेव बोले बता तों दूंगा राम, पर वो तुम्हारा इतना प्रिय है कि, इब बार तुम अपने आप को तों सजा दे दोगे पर उसको नहीं दे पाओगे। तब श्रीराम जी ने कहा- गुरुदेव, राम के लिये सब समान हैं। गुरु ने कहां नहीं, राम ! मुझे तुम्हारे उपर पर तनिक भी संशय नहीं है पर, मुझे तों दण्ड के परिपूर्ण होने पर संशय है। अत: यदि तुम यह विश्वास



दिलाते हो कि, तुम स्वयं उसे मृत्यु दण्ड अपने अमोघ बाण से दोगे तो ही में अपराधी का नाम और उसका अपराध बताऊँगा। तब श्रीराम जी ने भरी सभा में पुन: अपना संकल्प व्यक्त कर दिया। तब कहीं जा कर वशिष्ठ जी ने बताया कि, यह अपराध हनुमान जी ने किया है। सभी आश्चर्यचकित हों गए लेकिन तभी एकाएक हनुमानजी ने अपना अपराध स्वीकार कर लिया। इसके बाद दरबार में तत छण रामजी ने घोषणा की कि, कल सांय काल सरयु नदि के तट पर, हनुमानजी को मैं स्वयं अपने अमोघ बाण से मृत्यु दण्ड दूंगा। हनुमानजी के उदास अवस्था में घर जाने पर माता अंजनी ने उन्हें इस हाल में देखा तो वह चकित रह गयी। उन्होंने मन में सोचा कि मेरा लाल महावीर, अतुलित बल का स्वामी, ज्ञान, बुद्धि व विवेक का भण्डार, आज इस अवस्था में ? तब अंजना माता ने हनुमान जी से कारण जानने के लिए कुछ प्रश्न किये किन्तु माता के बार-बार पुछने पर भी जब हनुमान जी चुप रहें तो अंतत: माता ने अपनी ममता का वास्ता देकर पूछा। तब - हनुमान जी ने सारा वाक्या बताया कि, आज सभा में यह सब प्रकरण हुआ है, किन्तु अनजाने में। हनुमान जी ने कहां की हे माता ! आप भली भांती जानती हैं कि, हनुमान को संपूर्ण ब्रह्माण्ड में कोई नहीं मार सकता, किन्तु यह भी अटल सत्य हैं की भगवान श्रीराम के अमोघ बाण से भी कोई नहीं बच सकता। तब अंजना माता हनुमान जी की असल व्यथा (दु:ख का कारण) समझ जाती हैं और हनुमान जी से कहती हैं कि, हें मारुती, हें हनुमान, मैंने तुम्हें प्राप्त करने के लिए भगवान शंकर से, राम नाम का मंत्र प्राप्त किया था, और तुम्हे भी जन्म के साथ ही यह नाम घुटी में पिलाया हैं। और इसी नाम के प्रताप से तुमने बचपन में ही अनेक लीलाएं की हैं यहाँ तक की युग सहस्त्र योजन दुर स्तिथ सूर्य देव को भी तुमनें आम्र फल समझ कर मुख में धारण कर लिया था, और तुम्हारे साथ प्रतिपल राम नाम का साथ प्राप्त हैं और इसके होते हुये हनुमान तुम्हारा कोई बाल भी बांका नहीं कर सकता। चाहे वो - स्वयं श्री राम भी क्यूँ न हो। इसी तारतम्य में अपनी 132 सालों से अनवरत और अविचल चली आ रहीं परंपरा कों आगे बढ़ाते हुए धर्म की नगरी खरसिया की धन्य धरा में इस वर्ष (133 वां) भी खरसिया के हृदय स्थल गंज बाजार में आज दिनांक 12 सितंबर, दिन शुक्रवार से 19 सितंबर, दिन शुक्रवार तक अखंड राम सप्ताह (राम नाम के जप) का आयोजन किया जा रहा हैं. हनुमान सेवा समिति व सियाराम सखा मंडल के सदस्यों ने नगर-अंचल सहित सभी धर्म प्रेमियों से इस विराट आयोजन में शामिल होने का आग्रह किया हैं। हनुमान मन्दिर के पुजारी द्वय विक्की और बिट्टू शर्मा ने बताया की आयोजन के दिनों में हनुमान जी की भव्य व महाआरती प्रतिदिन सुबह 8 बजे और सायंकाल 7:30 बजे की जावेगी। समापन वाले दिन यांनी 19 सितंबर दिन शुक्रवार कों मन्दिर प्रांगण में प्रात: 9 बजे हवन किया जावेगा। इसके बाद दोपहर 3:30 बजे श्री रामचंद्र जी की पालकी यात्रा निकाली जाएगी जो नगर के प्रमुख मार्गों का भ्रमण करके वापस मंदिर प्रांगण में आएगी। नगर के धर्म परायण व समाज सेवी राजू (सपोस वाला), राजू कबूलपुरिया, मनोज गोयल, दीपक (बुधराम), अंकित (आपकी पसंद), हिमांशु (मंत्री) ने बताया की आयोजन के दिनों में नगर में प्रतिदिन सुबह 6:45 बजे प्रभात फेरी का आयोजन किया जायेगा, जिसमें सियाराम और हनुमान भक्त नगर में राम नाम का जप व कीर्तन करते हुए मन्दिर प्रांगण पधारेंगे। आयोजन समिति ने नगरवासियो से अपील की हैं की नगर के प्रत्येक घर से कम से कम एक व्यक्ति प्रभात फेरी में शामिल जरूर हों। श्री राम व हनुमान जी में गहरी आस्था रखने वाले तथा मन्दिर से जुड़े योगेश कबूलपुरिया ने बताया की आयोजन के दिनों में मन्दिर प्रांगण कों आकर्षक लाइट व फूलों से सजाया जायेगा, प्रतिदिन बाबा का भव्य दरबार साजेगा और बाबा का अलौकिक श्रृंगार किया जावेगा तथा पुरे गंज बाजार में झूला डलेगा व मेला लगेगा. इन दिनों मन्दिर के पट 24ओं घंटे खुले रहेंगे और अंचल की प्रसिद्ध भजन मंडलियो द्वारा अखंड भजन व कीर्तन किया जायेगा। कबूलपुरिया ने बताया की प्रतिदिन भक्तों की मनोकामना पूर्ति हेतु सवामणी लगाई जाएगी अत: जिन भक्तों कों अपने मनोरथ पूर्ण करने हों वें मन्दिर के पुजारी विक्की शर्मा से 7987103739 नंबर पर तथा बिट्टू शर्मा से 9131234065 नंबर पर संपर्क कर संकल्प सिद्धि हेतु विचार विमर्श कर सकते हैं। आयोजन समिति ने बताया की अंचल की जितनी भी भजन मंडली राम नाम का जप करने आवेगी उनके ठेहरने व खाने का प्रबंध करते हुए हर एक मंडली कों निश्चित पुरुस्कार प्रदान किया जावेगा। प्रेम से बोलो सीताराम - प्रेम से बोलो राधे श्याम, सीता-सीता राम-राम, राधे-राधे श्याम-श्याम।



**योगेश कबूलपुरिया**
**वरिष्ठ पत्रकार, लेखक,**

- क्रिकेट किट
- फुटबाल
- हॉकी किट
- योगा मेट

स्वाती स्पोर्ट्स

खिलाड़ियों एवं विद्यार्थियों के लिए विशेष छूट...

क्रिकेट, हॉकी, कबड्डी, वॉलीबॉल, खो- खो, बैडमिंटन, बास्केट बॉल, थ्रो बॉल, शॉपट बॉल, हाई जम्प, बॉक्सिंग रिंग, टेनिस बॉल, स्पोर्ट्स बॉल, रैकेट बैग, स्पोर्ट्स बॉटल, स्पोर्ट्स बैग, बैडमिंटन नेट, स्कोरल टेबल, बोर्ड गेम्स, टी- टी टेबल,टी-टी बॉल, टेबल टेनिस बैट, टी-टी बैट, ट्रेक शूट, जिम सामग्री, स्पोर्ट्स शूज, स्कूल बैग सहित सभी खेल सामग्री उपलब्ध...

स्टेडियम परिसर, कलेक्टोरेट के सामने राजनांदगांव, मो. 99819-65770, 88393-71971

# कलेक्टर ने नि:शुल्क मेगा स्वास्थ्य शिविर की तैयारियों का लिया जायजा

## नागरिकों एवं मरीजों के लिए पंजीयन काउंटर और बैठक व्यवस्था के संबंध में दिए आवश्यक दिशा-निर्देश, 17 सितम्बर को शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय राजनांदगांव में होगा नि:शुल्क मेगा स्वास्थ्य शिविर



**शासकीय एवं निजी हॅास्पिटल के रायपुर दुर्ग, भिलाई के विशेषज्ञ चिकित्सक नागरिकों को देंगे चिकित्सा सेवाएं**

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे ने आज भारत रत्न स्वर्गीय श्री अटल बिहारी वाजपेयी स्मृति शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय पहुंचकर नि:शुल्क मेगा स्वास्थ्य शिविर की तैयारियों का जायजा लिया। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिवस के अवसर पर 17 सितम्बर 2025 को जिला प्रशासन एवं भारतीय रेडक्रास सोसायटी के संयुक्त तत्वावधान में शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय राजनांदगांव में गंभीर एवं सामान्य बीमारियों के लिए नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया है। कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे ने स्वास्थ्य जांच कराने वाले नागरिकों एवं मरीजों के पंजीयन काउंटर और बैठक व्यवस्था के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य जांच कराने वाले नागरिकों को किसी प्रकार की असुविधा नहीं होने चाहिए। इसके लिए पर्याप्त मात्रा में ओपीडी कक्ष, पंजीयन काउंटर, वालिंटियर, सांकेतिक बोर्ड लगाने के निर्देश दिए। उन्होंने स्वास्थ्य शिविर में आने वाले विशेषज्ञ डॉक्टर्स के कक्ष, ओपीडी कक्ष, लैब टेस्टिंग और सेम्पल कलेक्शन कक्ष, दवाई वितरण कक्ष का निरीक्षण किया। स्वास्थ्य शिविर में पेयजल एवं साफ-सफाई की पूरी व्यवस्था रखने के निर्देश दिए। नागरिकों को शिविर स्थल तक आने के लिए बस स्टैण्ड से नि:शुल्क परिवहन सुविधा उपलब्ध कराने के निर्देश परिवहन अधिकारी को दिए। इसके साथ ही शिविर स्थल आने के लिए जगह-जगह सांकेतिक बोर्ड एवं बैनर्स लगाने कहा। जिससे स्वास्थ्य जांच कराने आने वाले नागरिकों को असुविधा नहीं होनी चाहिए। उल्लेखनीय है कि नागरिकों में स्वस्थ एवं सेहतमंद रहने तथा स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता लाने के लिए 17 सितम्बर को नि:शुल्क मेगा स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जा रहा है। स्वास्थ्य शिविर में गंभीर बीमारियों से ग्रसित मरीजों को शासकीय एवं निजी अस्पतालों के रायपुर, दुर्ग, भिलाई से आए विशेषज्ञ चिकित्सक जनसामान्य को चिकित्सा सेवाएं देंगे। मेगा स्वास्थ्य शिविर में हृदय रोग विशेषज्ञ, बाल हृदय रोग विशेषज्ञ, गैस्ट्रोलॉजिस्ट, ऑन्कोलॉजी, नेफ्रोलॉजिस्ट एण्ड सर्जरी, न्यूरो फिजिशियन एण्ड सर्जरी, ऑर्थो फिजिशियन एण्ड सर्जरी सहित एमडी मेडिसिन एवं सर्जरी से जुड़े चिकित्सक उपस्थित रहेंगे। शिविर में आयुष्मान कार्ड पंजीयन और 70 वर्ष या उससे अधिक वर्ष वरिष्ठ नागरिकों का आयुष्मान वय वंदना कार्ड पंजीयन किया जाएगा। स्वास्थ्य शिविर के लिए पंजीयन प्रारंभ है। नागरिक अपना



पंजीयन जिले के सभी प्राथ्ज्ञमिक एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों, जिला चिकित्सालय बसंतपुर और शासकीय मेडिकल कॉलेज पेण्ड्री में किया जा रहा है। इस अवसर पर डीन मेडिकल कालेज डॉ. पंकज लुका, अधीक्षक मेडिकल कॉलेज अस्पताल डॉ. अतुल देशकर, उप अधीक्षक मेडिकल कालेज डॉ. पवन जेठानी, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. नेतराम नवरतन, आयुक्त नगर निगम श्री अतुल विश्वकर्मा, डिप्टी कलेक्टर श्री प्रकाश टंडन, डिप्टी कलेक्टर श्री अभिषेक तिवारी, लोक निर्माण के अधिकारी सहित अन्य अधिकारी एवं चिकित्सक उपस्थित थे।

# शिक्षक दिवस समारोह बड़े उत्साह और भावनात्मक माहौल में मनाया गया



**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** पं. किशोरी लाल शुक्ल विधि महाविद्यालय में शिक्षक दिवस बड़े उत्साह और भावनात्मक माहौल में मनाया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने अपने शिक्षकों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया। विद्यार्थियों ने गीत, नृत्य, भाषण और खेल प्रस्तुत कर कार्यक्रम को यादगार बना दिया। यह दिन सभी के लिए वर्षों तक संजोकर रखने योग्य स्मृतियों से भरा रहा।द्य कार्यक्रम के दौरान महाविद्यालय के प्रशासक डॉ. आर. एन. सिंह ने प्रेरणादायक भाषण देते हुए विद्यार्थियों के साथ एक प्रेरक प्रसंग भी साझा किया, जिसने सभी के हृदय को छू लिया। वहीं, महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. निमिषा मिश्रा ने विद्यार्थियों के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि उनके योगदान ने इस कार्यक्रम को और भी सुंदर और आश्चर्यजनक बना दिया। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राध्यापकों का सम्मान भी किया गया। सम्मानित प्राध्यापकों में डॉ. अल्का चव्हाण, श्री अतुल सोनी, श्री आदित्य श्रीवास्तव, श्रीमती प्रेरणा तिवारी, श्रीमती सोनाक्षी सिरवानी, सुश्री सुरभि अग्रवाल एवं सुश्री ओजस्विनी चव्हाण शामिल रहे। समारोह ने शिक्षक-विद्यार्थी संबंधों की गरिमा को नई ऊँचाइयों पर पहुँचाया और सभी के मन में गहरी छाप छोड़ी।

## श्रमवीर स्वास्थ्य जांच शिविर आज

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** छत्तीसगढ़ रजत जयंती के अवसर पर श्रम विभाग द्वारा 12 सितम्बर 2025 को सुबह 8.30 बजे से राजनांदगांव विकासखंड के औद्योगिक क्षेत्र टेड़ेसरा के नवीन शासकीय प्राथमिक शाला में श्रमवीर स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया जाएगा। बीमारी से ग्रसित पाए जाने वाले श्रमिकों को श्रम विभाग अंतर्गत संचालित मंडलों के पात्रतानुसार आवेदन कराकर लाभान्वित किया जाएगा। शिविर में अपंजीकृत श्रमिकों को पात्रतानुसार नवीन पंजीयन एवं नवीनीकरण कार्य किया जाएगा तथा विभाग द्वारा संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं से लाभान्वित कराने के लिए आवेदन प्रस्तुत कराया जाएगा। श्रमिकों को अधिक से अधिक संख्या में शिविर में शामिल होकर स्वास्थ्य जांच कराने तथा विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित होने आवेदन प्रस्तुत करने की अपील की है।

# अवैध सागौन कटाई और परिवहन पर वन विभाग की बड़ी कार्रवाई, बोलेरो जब्त, 8 आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज

**डोंगरगढ़ ( नांदगांव टाइम्स )।** सामान्य वन परिक्षेत्र में अवैध रूप से की जा रही सागौन लकड़ी की कटाई और परिवहन पर वन विभाग ने सख्त कार्रवाई करते हुए बोलेरो पिकअप वाहन को जब्त किया है। विभाग की गश्ती टीम ने वाहन (क्रमांक छ्त्र 10-ङ्क 1465) को पकड़कर मौके से सागौन लकड़ी जब्त की। वन अपराध प्रकरण दर्ज कर आठ लोगों के खिलाफ वन अधिनियम के तहत कार्रवाई की गई है।

**09 सितंबर को दर्ज हुआ अपराध प्रकरण**

घटना 9 सितंबर 2025 की है, जब वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग की टीम ने रात्रि गश्त के दौरान इस अवैध गतिविधि को पकड़ा। इस संबंध में वन अपराध प्रकरण क्रमांक 19520/14 दर्ज



किया गया है। विभाग की त्वरित कार्रवाई से लकड़ी तस्करों के हौसले पस्त हो गए हैं।

**इनके खिलाफहुई कार्रवाई**

मामले में संतराम पिता रामदुलार कंवर (निवासी ङ्क घिकुड़िया), राहुल पिता दिलीप, किशोर पिता मेघराज मरकाम, रामचंद्र लक्ष्मण मंडावी, जालिम पिता मेघराज मरकाम, केशव पिता उपेंद्र वर्मा, (सभी निवासी ङ्क तोतलभर्ती), संतोष पिता बालाराम उईके (निवासी ङ्क कोहकट्टा) और ढालसिंग वल्द उपेंद्र वर्मा (निवासी ङ्क तोतलभरी) को आरोपित बनाया गया है। सभी के खिलाफ भारतीय वन अधिनियम की धाराओं के तहत केस दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

**वन कर्मचारियों की सक्रियता से पकड़े गए आरोपी**

इस कार्रवाई में उपवन मंडल के घोटीया एवं रानीगंज उप वृत्त के परिसर रक्षक वेंकटेश्वर साहू, वनपाल भुवनेश्वरी उईके, वनरक्षक और सुरक्षा श्रमिकों ङ्क महावीर वर्मा, रूपलाल वर्मा, पीतांबर वर्मा और बिसेसर गोंड़ की अहम भूमिका रही। इनकी सतर्कता से सागौन तस्करी की यह बड़ी कोशिश नाकाम हो सकी।

**वन विभाग ने दी चेतावनी**

वन विभाग ने साफ किया है कि अवैध कटाई, परिवहन और तस्करी करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई जारी रहेगी। किसी भी कीमत पर जंगल की संपदा को नुकसान नहीं होने दिया जाएगा।

## राजनांदगांव में कांग्रेस नेताओं को किया नजरबंद

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** राजनांदगांव में नवागांव चाकूबाजी के बाद जिले में सियासी हलचल तेज हो गई है। पुलिस ने कांग्रेस के राष्ट्रीय युवा सचिव निखिल द्विवेदी, युवा कांग्रेस उपाध्यक्ष ऋषि शास्त्री और विशु आजमानी परमानंद वर्मा, चंद्रशेखर मालेकर ,विनायक राठौर, राजा यादव सहित अन्य नेताओं को गिरफ्तार किया है।



**गिरफ्तारी के कारण:** - अवैध कारोबार में भाजपा नेता पर संरक्षण का आरोप: कांग्रेस नेताओं का आरोप है कि भाजपा नेता के संरक्षण में अवैध कारोबार हो रहा है। - विधानसभा अध्यक्ष एवं राजनांदगांव विधायक डॉक्टर रमन सिंह के दौरे से पहले बवाल: पुलिस की कार्रवाई ने सियासी माहौल को गरमा दिया है।

**नेताओं की प्रतिक्रिया:** निखिल द्विवेदी: निखिल द्विवेदी ने कहा कि शासन प्रशासन छोटे पर कार्यवाही कर रही है, अगर कार्यवाही करनी है तो एसपी और अवैध कारोबार को बढ़ाव दे रहे भाजपा नेताओं पर कार्यवाही करे। परमानंद वमार्: परमानंद वर्मा ने कहा कि डॉक्टर रमन सिंह को पीड़ित परिवार को पच्चीस पच्चीस लाख का मुआवजा सहित परिवार के एक सदस्य को शासकीय नौकरी देना चाहिए। ऋषि शास्त्री: ऋषि शास्त्री ने कहा कि राजनांदगांव में अवैध कारोबार लगातार बढ़ रहे हैं छोटे छोटे उम्र के बच्चे और युवा पीढ़ी नशे की जाल में फंस रहे है जिससे अपराध भी बढ़ रहा है जिसपर शिकंजा कसना बहुत आवश्यक है।

**महाराष्ट्र के समीप थाने में किया गया था नेताओं को नजर बंद**

तड़के सुबह ही पुलिस प्रशासन के सीएसपी पुष्पेंद्र नायक टीआई एमन साहू और रामेंद्र सिंह सहित भारी संख्या में पुलिस बल ने नेताओं के घरों में दबिश दी फिर उनपर नजरबंद की कार्यवाही की देर शाम उन्हें छोड़ा गया जानकारी यह भी है कि उन्हें महाराष्ट्र बार्डर के थाने में रखा गया था।

# रॉयल किड्स कान्वेंट छुरिया में शिक्षक दिवस हर्षोल्लास से मनाया गया

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** वनांचल क्षेत्र में शिक्षा का अलख जलाएं रखने वाली एकमात्र अंग्रेजी माध्यम की शाला रॉयल किड्स कॉन्वेंट छुरिया में 6 सितंबर दिन शनिवार को शिक्षक दिवस बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया गया इस अवसर पर प्रख्यात दार्शनिक एवं पूर्व राष्ट्रपति डॉक्टर सर्वपल्ली राधाकृष्णन को श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

कार्यक्रम का शुभारंभ संस्था के प्राचार्य श्री गोपाल साहू एवं प्रधान पाठिका श्रीमती शारदा सिंह गौर द्वारा दीप प्रज्वलन तथा सरस्वती वंदना के साथ हुआ इसके उपरांत संस्था के आदरणीय पापा जी रिस्पेक्टेड जेण् बीण् सर तथा पूजनीय मां जी को 1 मिनट की श्रद्धांजलि दी गई। तत्पश्चात प्राचार्य महोदय ने अपने संबोधन में कहा किश् शिक्षक समाज की रीढ होते हैं शिक्षक केवल पाठ्य पुस्तक ही नहीं पढाते बल्कि जीवन मूल्य भी प्रदान करते हैं। यह कार्यक्रम संस्था के प्रशासक श्री संजय बहादुर सिंह डायरेक्टर श्री सावंत बहादुर सिंह एवं श्री जन्मेजय बहादुर सिंह के कुशल निर्देशन में



किया गया ।उन्होंने भी अपने संबोधन में कहा किश शिक्षक समाज के निर्माता होते हैं और उनका योगदान अमूल्य है शिक्षक ही सच्चे मार्गदर्शक होते हैं जो विद्यार्थियों को जीवन मूल्य की शिक्षा देते हैं। इसके उपरांत विद्यालय के विद्यार्थियों ने विभिन्न कार्यक्रम प्रस्तुत किए रंगारंग नृत्य गीत कविताएं और नाट्य मंचन ने सभी का मन मोह लिया विशेष रूप से प्रस्तुत किए गए नाटक में विद्यार्थियों ने गुरुजनों के महत्व को प्रभावशाली ढंग से दर्शाया एवं छात्र.छात्राओं ने शिक्षकों के महत्व का गुणगान किया इस कड़ी में एक विद्यार्थी ने बताया कि पूरी धरती को कागज और समुद्र को स्याही बना दी जाए तो भी शिक्षक की उपमा को प्रकट कर पाना नामुमकिन है। विशेष आकर्षण उसे समय देखने को मिला जब बच्चों ने शिक्षकों के लिए मनोरंजन प्रतियोगिताओं का आयोजन किया इनमें प्रश्नोत्तरी गीत संगीत पहचान खेलकूद और कुर्सी दौड़ जैसी गतिविधियां शामिल थी शिक्षकों ने उत्साह पूर्वक भाग लिया और विद्यार्थियों ने तालियो की गड़गड़ाहट से उनका हौसला बढ़ाया इससे पूरे कार्यक्रम में आत्मीयता और आनंद का वातावरण छा गया। अंत में विद्यार्थियों ने अपने शिक्षकों को नारियल व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया एवं चरण स्पर्श कर आशीर्वाद लिया तथा धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत किया पूरा विद्यालय कृतज्ञता और उत्सव के भाव से सराबोर हो उठा। इस अवसर पर संस्था की अध्यक्षा डॉक्टर सविता जेण्बीण् सिंह एउपाध्यक्ष अशोक चौधरीए प्रशासक संजय बहादुर सिंह एसावंत बहादुर सिंह एजन्मेजय बहादुर सिंह एश्रेयांश बहादुर सिंह एश्रीमती मनीषा सिंह एअकैडमीक डायरेक्टर अभिषेक खंडेलवालए बरसर आई के वैष्णव ने विद्यार्थियों को संदेश दिया कि शिक्षक उनके जीवन में पद प्रदर्शक है इसलिए गुरुजनों का आदर करना और शिक्षा को गंभीरता से ग्रहण करना प्रत्येक छात्र का कर्तव्य है अनुशासन मेहनत और ईमानदारी से ही सफलता प्राप्त की जा सकती है। उक्त जानकारी संस्था की प्रचार .प्रसार प्रभारी श्रीमती वंदना शर्मा द्वारा दी गई।

## राजपूत क्षत्रिय महिलाओं द्वारा तीज मिलन उत्सव मनाया गया

**डोंगरगढ़ ( नांदगांव टाइम्स )।** राजपूत क्षत्रिय महासभा छत्तीसगढ़ राहटादाह पंजीयन क्रमांक 1282 महिला मंडल उस समिति डोंगरगढ़ द्वारा दिनांक 5/09/25 को केसरी नंदन पैलेस



में महिला मंडल अध्यक्ष श्रीमती किरण सिंह ठाकुर के नेतृत्व में तीज मिलन उत्सव मनाया गया ।

इस अवसर पर सचिव श्रीमती आभा भारतद्वाज , सह सचिव श्रीमती ज्योति भारतद्वाज , उप सचिव श्रीमती आरती सिंह , केंद्रीय कार्यकारिणी श्रीमती लता सिंह , कार्यकारिणी सदस्य श्रीमती रश्मि सिंह , श्रीमती तनु सिंह, डॉ . नीता राजपुत , श्रीमती सुषमा सिंह सहित महिला मंडल सदस्य श्रीमती डिम्पल सिंह , श्रीमती माया चंदेल , श्रीमती मीना सेंगर , श्रीमतीआरती सिंह , श्रीमती अर्चना सिंह , श्रीमती रिया सिंह उपस्थित थे 7 कार्यक्रम का शुभारंभ महाराणा प्रताप के तैल चित्र पर माल्यार्पण से किया गया 7 अध्यक्ष श्रीमती किरण सिंह , सचिव श्रीमती आभा भारतद्वाज , श्रीमती आरती सिंह एवं श्रीमती रश्मि सिंह द्वारा महाराणा प्रताप को सादर नमन करते हुए समाज हित एवं महिला विकास संबंधी बिंदुओं पर उद्बोधन दिया गया 7 डॉ . नीता राजपुत द्वारा तीज पर काव्य वाचन किया गया 7 गुब्बारा एवं गिलास गेम का आनंद सभी ने उठाया 7 साथ ही एकल व समुह नृत्य प्रस्तुत किया गया 7 इस तरह तीज मिलन उत्सव हर्षोल्लास से मनाया गया।

प्रकाशक, सम्पादक व मुद्रक अशोक कुमार पाण्डे द्वारा आसमा पब्लिसर्श इंडिया (प्रा.) लिमिटेड रायपुर से मुद्रित व गंजचौक राजनांदगांव से प्रकाशित, सम्पादक- अशोक कुमार पाण्डे, मोः 94252-43311 Email: nandgaontimes@gmail.com